खबर संक्षेप

अलग अलग कारणों से किशोरी सहित 5 लोगों की मौत

कटनी। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के तीन व्यक्तियों की अलग अलग कारणों से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हर्रई निवासी नागेन्द्र सिंह 32 वर्ष की सगौना ग्राम स्थित डेम के पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले को जांच में लिया है। थाना क्षेत्र के ही ग्राम बम्हौरी निवासी माखन कोल 70 वर्ष को सांप के काटने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसी तरह ग्राम खम्हरिया निवासी नरेन्द्र रैदास (46 वर्ष) खुद गिर जाने के कारण सिर में आई गंभीर चोट से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इधर बरही थाना के ग्राम कनौर निवासी अंशिका सिंह 11 वर्ष की जिला अस्पताल कटनी में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही दडौरी मोड के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण मुहास थाना बड़वारा निवासी अरूण चौधरी 20 वर्ष की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम मसंधा निवासी सरिता गोंड 17 वर्ष ने अज्ञात कारण से विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। पुलिस जांच कर रही है।

ग्राम सभाओं में आजीविका संवर्धन पर हुआ मंथन

कटनी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर एवं जिला परियोजना प्रबंधक के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में आज "रिफॉर्म उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं के माध्यम से शासन द्वारा किए गए सुधारों, नागरिक-केंद्रित सेवाओं एवं संस्थागत बदलावों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की दीदियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की गई। ग्राम सभा के दौरान लखपति दीदी बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई तथा पूर्व से लखपति दीदी के रूप में चिन्हित महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए अन्य समूह सदस्यों को प्रेरित किया।

पहाड़ी में शिविर आज

कटनी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शनिवार, 3 अक्टूबर को ग्राम पंचायत पहाड़ी मे शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में प्रत्येक सप्ताह शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जा रही है।

कुठला थाना का मामला, गंभीर हालत में प्रौढ़ को जबलपुर किया गया रेफर

थाना के अंदर आत्मदाह का प्रयास, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक व्यक्ति के द्वारा थाना परिसर के अंदर स्वयं के ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आग लाग ली। इस घटना से हड़कंप मच गया। मामला कुठला थाना परिसर में का है जहां शुक्रवार को यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार दलपत पटेल नामक व्यक्ति द्वारा थाने के अंदर कथित तौर पर खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की घटना के बाद से क्षेत्र में भारी आक्रोश और तनाव का माहौल है। आग से बुरी तरह झुलसे दलपत पटेल की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार वह करीब 90 प्रतिशत तक जल चुका है और अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, दलपत पटेल का बेटा चोरी के एक मामले में पहले से जेल में बंद है। आरोप है कि पुलिस इस मामले में दलपत की पत्नी (युवक की मां) को भी आरोपी बनाने की तैयारी कर रही थी। इसी बात से आहत और परेशान होकर दलपत पटेल शुक्रवार को कुठला थाने पहुंचा और अचानक खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। थाने में एकाएक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में आग बुझाकर उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया।

पूछताछ के लिये लाये थाना

डीएसपी अनिमेष द्विवेदी ने घटना के संबंध में पुलिस का पक्ष रखते हुए बताया कि दिनांक 1 अक्टूबर को चोरी का अपराध क्रमांक 812/26 दर्ज किया गया था। मामले में काफी सामान चोरी होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने प्रकरण में दो मुख्य आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की थी। डीएसपी के अनुसार चोरी के सामान में से कुछ सामान महिला द्वारा सोनी नामक व्यक्ति के यहां बेचने की बात सामने आई थी। पुलिस द्वारा संबंधित स्थान पर जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें महिला के सामान बेचने की फुटेज मिलने की बात कही गई। इसके बाद महिला को पूछताछ के लिए कुठला थाना लाया गया था। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान महिला ने एक सोने की अंगूठी अपने पास होने की बात बताई थी। इसी दौरान वह अपने पति से लगातार बातचीत कर रही थी। डीएसपी के मुताबिक, इसके बाद दलपत पटेल ऑटो से कुठला थाना पहुंचे और ऑटो से उतरने के बाद कथित तौर पर अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली तथा आग की लपटों के साथ इधर-उधर जाने लगे।

जबलपुर किया रेफर

डीएसपी ने बताया कि थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाई और घायल दलपत पटेल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आत्मदाह के प्रयास को चोरी के मामले में बाकी सामान की बरामदगी से जुड़े घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल

घटना को लेकर एक ओर पुलिस का कहना है कि दलपत पटेल चोरी के मामले में पूछताछ के दौरान थाने पहुंचने के बाद खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई, जबकि दूसरी ओर परिजन पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में घटना के वास्तविक कारण और परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष जांच महत्वपूर्ण होगी। फिलहाल घायल का जबलपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।



बाइक सवार युवक से 40 हजार रूपये का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निवार चौकी पुलिस ने एक युवक से 2 किलो 173 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजे के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 1 अक्टूबर को निवार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जरवाही जंगल के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर तस्करी के उद्देश्य से मोटरसाइकिल से जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।इसी दौरान MP 21 ML 8212 नंबर की मोटरसाइकिल पर सफेद रंग का थैला लेकर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे थैले से हरे रंग का पत्तेदार पदार्थ बरामद हुआ, जिसकी जांच में गांजा होना पाया गया।तौल कराने पर गांजे की कुल मात्रा 2 किलो 173 ग्राम निकली, जिसकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये है। पुलिस ने गांजा और मोटरसाइकिल को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहिद प्रजापति पिता बाबूराम प्रजापति, उम्र 24 वर्ष, निवासी बंधी रोड/मतवारा रोड, थाना स्लीमनाबाद, जिला कटनी के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय कटनी में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से कराया अवगत, स्वच्छता मित्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गांधी जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय कटनी में शुक्रवार को स्वच्छता का संदेश देते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर इसे व्यवहार में उतारा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला चिकित्सालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

जिला चिकित्सालय परिसर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं सफाई करते हुए नागरिकों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों से प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने, वैकल्पिक साधनों को अपनाने और कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने की अपील की गई। प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। सांसद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई। सभी ने सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों का सम्मान कर उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया।

अस्पताल परिसर में श्रमदान कर सफाई, स्वच्छता का संदेश



सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई करते हुए जगह-जगह फैले कचरे को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया।स्वच्छता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं साफ रखने के साथ ग्रामीणों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, उपाध्यक्ष प्रमोद असाटी, प्रदीप चौरसिया, विनोद साहू, वैभव चौरसिया, दिनेश असाटी, अखिलेश नामदेव, राकेश यादव, अरुण गुप्ता, अनिल नामदेव, रिंकल सोनी, देवेंद्र गौतम एवं कमलेश चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

युवक पर जानलेवा हमला कर आठ हजार रूपये लूटने के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक युवक पर जानलेवा हमला कर रूपये लूटने का मामला सामने आया है। घटना माधवनगर थाना के संजय नगर में हुई। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी राहुल दुबे अपना काम निपटाकर पैदल ही घर लौट रहा था जैसे ही वह संजय नगर के पास पहुंचा तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया। राहुल दुबे ने बताया कि रास्ता रोकने वालों ने उससे रंगदारी दिखाते हुए रुपये मांगने लगे। जब राहुल ने रूपये देने से साफ इनकार कर दिया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पास में रखी धारदार हथियार से राहुल के सिर पर वार कर दिया। हमले के साथ ही राहुल लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ा। राहुल का आरोप है कि उसके गिरते ही बदमाशों ने उसकी जेब में रखे 8 हजार रुपये जबरन निकाल लिए और धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

पुलिस कर रही जांच

घटना की जानकारी मिलते ही राहुल के परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार जारी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित के औपचारिक बयान, घटनास्थल के निरीक्षण और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही हमले और लूट के आरोपों की वास्तविक सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी।

उमरियापान पंचायत का मामला, पंचों ने जन सुनवाई में की शिकायत

पंचायत के निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत, 3 सदस्यीय टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उमरियापान में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में कथित अनियमितता और गुणवत्ता में कमी को लेकर शिकायत सामने आई है। वार्ड पंचों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नाम शिकायत सौंपते हुए पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की है। शिकायत के बाद जनपद पंचायत ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है।

शिकायत में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराए गए विभिन्न रंगमंच निर्माण, साप्ताहिक हाट बाजार की सीसी सड़क, क्यूली तलैया, बनहाई एवं डोली मोहल्ले के मुक्तिधाम, गुरहा-कुदवारी मार्ग पर पुलिया एवं सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि कुछ कार्यों में राशि आहरित होने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराए गए हैं।इसके अलावा वार्ड क्रमांक 4-5 में मुख्य मार्ग से जगदीश मंदिर की ओर बनाई गई सीसी सड़क, कन्या स्कूल एवं मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल व पेवर ब्लॉक, झंडा चौक स्मारक, बस स्टैंड नाली तथा हनुमान मंदिर से मुन्ना लहगेरे के घर की ओर बनाई गई सीसी सड़क की गुणवत्ता की भी तकनीकी जांच की मांग की गई है।

वार्ड पंच साधना चौरसिया, प्रेमलता चौरसिया, गुड्डी बाई चौधरी, मुकेश बर्मन, संतोष पौराणिक, प्रवीण चौरसिया, अनीता चौरसिया, गायत्री बाई बर्मन सहित अन्य ग्रामीणों ने पंचायत के खाते से कुछ व्यक्तियों के खातों में किए जा रहे भुगतानों की जांच की मांग की है। वहीं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के सुधार के नाम पर होने वाले खर्च और ग्राम पंचायत में साफ-सफाई के नाम पर किए जा रहे भुगतानों का भी सत्यापन कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं ने साफ-सफाई पर प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च किए जाने का आरोप लगाते हुए संबंधित अभिलेखों एवं मौके की स्थिति का मिलान कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने जांच पूरी होने तक संबंधित कार्यों से जुड़े शेष भुगतान अथवा राशि के आहरण पर नियमानुसार रोक लगाने की मांग भी की है।

टीम करेगी जांच

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने बताया कि उमरियापान में कराए गए निर्माण कार्यों में अनियमितता को लेकर जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। टीम में सहायक यंत्री अजय केशरवानी, उपयंत्री मनीष हल्दकार और पीसीओ नरेश परौहा को शामिल किया गया है। जांच टीम द्वारा मौके पर कार्यों एवं संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बकाया कर जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध करें सख्ती से कार्यवाही

लक्ष्य के अनुरूप कम राजस्व वसूली पर जताई नाराजगी, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम में जलकर एवं संपत्ति कर वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा को लेकर गुरुवार शाम राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा वार्डवार एवं कर्मचारी और वसूली की स्थिति की समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने वसूली कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अमले को वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में विशेष रूप से जलकर राहत योजना के तहत बकाया जलकर की एकमुश्त राशि जमा करने पर प्रदान की जा रही 50 प्रतिशत की छूट के लिए शेष बचे 8 दिवस को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकाधिक बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। राजस्व अमले को बकायेदारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर योजना की जानकारी देने तथा निर्धारित अवधि में बकाया राशि जमा कराने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

राजस्व अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लंबे समय से जलकर बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही को भी गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पहले बकायेदारों से संपर्क कर उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए तथा निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने वाले बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

संपत्ति कर वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को भी बकायेदारों से सतत संपर्क बनाए रखने और राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वसूली कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करने पर भी जोर दिया गया।

21 नल कनेक्शन विच्छेदित

जलकर राहत योजना का लाभ अधिक से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा वसूली अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को मार्च 2026 तक की कुल बकाया राशि का एकमुश्त 50 प्रतिशत भुगतान करने पर शेष 50 प्रतिशत राशि की छूट प्रदान की जा रही है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय अवकाश दिवसों में भी संबंधित निगम कार्यालयों एवं वसूली केंद्रों पर भुगतान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शुक्रवार को निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर बकायेदार उपभोक्ताओं से संपर्क किया गया।

अभियान के दौरान 80 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेते हुए बकाया जलकर जमा कराया, वहीं लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले 21 उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए।

झाड़ियों में छिपाकर रखी थी 104 लीटर शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने नई बस्ती क्षेत्र में एक 16 वर्षीय विधि-विरुद्ध कार्य करने वाले बालक को अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 558 पाव देशी प्लेन एवं मसाला शराब बरामद की गई। बरामद शराब की मात्रा करीब 104 लीटर तथा अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर की शाम को कोतवाली पुलिस टीम नई बस्ती क्षेत्र में पेट्रोलिंग, संदिग्धों की जांच और शैडो एरिया में निगरानी कर रही थी। इसी दौरान करीब 6:45 बजे बधवा गली के पास झाड़ियों में एक लड़का संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर उसके घबरा जाने पर टीम ने उसे रोककर पूछताछ की। झाड़ियों में रखी तीन प्लास्टिक की बड़ी बोरियों और एक थैले की तलाशी ली। तलाशी के दौरान इनमें बड़ी मात्रा में देशी शराब के पाव मिले। गिनती करने पर कुल 558 पाव (180 एमएल) शराब बरामद हुई।पु लिस ने शराब को विधिवत जब्त कर विधि-विरुद्ध कार्य करने वाले बालक को अभिरक्षा में लिया। थाना कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के अनुसार नई बस्ती क्षेत्र में नाबालिगों के माध्यम से अवैध शराब की बिक्री किए जाने की सूचनाएं लगातार मिल रही थीं। इसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई थी। इसी निगरानी के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली राखी पाण्डेय, चौकी प्रभारी खिरहनी उपनिरीक्षक किशोर द्विवेदी, प्रधान आरक्षक सुनील सिंह, आरक्षक अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, अजीत सिंह शामिल रहे।

खबर संक्षेप

बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम के शोषण से बचाव की दी गई जानकारी

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में ढ़ीमरखेड़ा न्यायालय की न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित पक्षकारों को बंधुआ मजदूरी तथा बाल श्रम के माध्यम से होने वाले शोषण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम जैसी प्रथाएं कानूनन प्रतिबंधित हैं तथा इनके प्रति जागरूकता आवश्यक है। न्यायाधीश श्री तिवारी ने उपस्थित लोगों को अपने आसपास भी ऐसे मामलों के प्रति सजग रहने और लोगों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से लोगों को श्रमिकों एवं बच्चों के शोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्यासी, अवधेश असाटी, नायब नाजिर शक्ति संजय सिंह एवं शिवम उपाध्याय सहित पक्षकार उपस्थित रहे।

पुलिस ने विभिन्न स्थानों में की चालानी कार्रवाई

कटनी। यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के तहत सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान सिविल लाइन स्थित स्कूल के पास नाबालिग छात्रों को दोपहिया वाहन चलाते पकड़ा गया। पुलिस ने वाहन उपलब्ध कराने और चलाने की अनुमति देने वाले 5 अभिभावकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा बरगवां में ब्रिज के पास सड़क पर अवैध व अव्यवस्थित पार्किंग करने वाले 5 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में बिना हेलमेट (14), मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले (13), तीन सवारी (06) और बिना सीट बेल्ट (04) सहित कुल 47 से अधिक वाहन चालकों के चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। साथ ही स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में थाने में जुर्माना जमा न करने पर चालान न्यायालय भेजे जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

रोशन केवट का रणजी ट्रॉफी में चयन

बरही। तहसील क्षेत्र के ग्राम जारारोड़ा निवासी युवक रोशन केवट पिता रामाधार केवट का चयन सीनियर रणजी ट्रॉफी टीम मध्यप्रदेश में हुआ। रोशन केवट के पिता रामाधार केवट ट्रक ड्राइवर है उनकी माता गृहिणी है। रोशन केवट 2018 में क्रिकेट में आगे बढ़ने व पढ़ाई के उद्देश्य से उमरिया जिला आयें थे 11वीं 12वीं की पढ़ाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया से की। इसके बाद उमरिया में रहकर पढ़ाई के साथ लगातार क्रिकेट का अभ्यास जारी रखा।

महापौर, कलेक्टर एवं एसपी की मौजूदगी में बस स्टैंड में आयोजित हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

स्वच्छता का दिया संदेशः जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वच्छता के लिये की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों एवं नागरिकों ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर श्रमदान कर स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया।

स्वच्छता को बनाये जिम्मेदारी

कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियों के साथ हुई। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने श्रमदान करते हुए परिसर की साफ-सफाई की तथा नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कचरे का उचित प्रबंधन करने, गंदगी न फैलाने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

महापौर ने दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता मित्रों के समर्पण, सेवाभाव और निरंतर परिश्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता मित्रों के योगदान को स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों एवं जीवन संदेशों को स्मरण करते हुए स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया जाकर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। आयोजित कार्यक्रम ने स्वच्छता, श्रम के सम्मान और जनभागीदारी का संदेश देते हुए नागरिकों को स्वच्छ शहर के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

इन्होंने किया श्रमदान

श्रमदान कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,पार्षद शकुंतला सोनी, रेखा तिवारी,एल्डरमैन नरेश अग्रवाल, अनुराग त्रिसोलिया, अंबरीश वर्मा, पूर्व पार्षद सीमा कैलाश जैन, सोगानी समाजसेवी अभिनंदन सरावगी, अभिनंदन शर्मा,नगर निगम अधिकारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री संजय मिश्रा, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, योगेश पवार, विजन टीम, टीम ओम साईं विजन सहित निगम स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षकों की मौजूदगी रही।



स्वच्छता में सभी से योगदान, सफाई मित्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर से स्वच्छता संकल्प अभियान एवं "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बरही द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस अवसर पर नगर परिषद बरही द्वारा नगर के प्रमुख घाटों की विशेष साफ-सफाई कराई गई। घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से कचरा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बरही का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद बरही में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। उनके द्वारा प्रतिदिन नगर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों के योगदान को स्वच्छ एवं सुंदर बरही के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, उपाध्यक्ष मोहन लालजी, समस्त पार्षद एवं एल्डरमैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कुमार मेरावी उपयंत्री सुश्री अपेक्षा वर्मा रमेश तोमर तीरथ चतुर्वेदी एवं नगर परिषद बरही के समस्तअधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा गांधी जी के स्वच्छता संदेश को आत्मसात करते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाए रखने का संकल्प लिया तथा नागरिकों से भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की।

आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुविधाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पिलौंजी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचीं। यहां आयोजित सुपोषण समारोह में शामिल होकर उन्होंने बच्चों, महिलाओं तथा संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद किया और पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के पोषण, नियमित स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता तथा प्रारंभिक बाल विकास के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला बताते हुए निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों तक पोषण एवं महिला-बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। बच्चों के पोषण स्तर पर सतत निगरानी रखी जाए तथा माताओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और बच्चों की देखभाल के प्रति जागरूक किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बच्चों के अनुकूल वातावरण, साफ-सफाई तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर दिया।

उन्होंने केंद्र में बाल शौचालय की व्यवस्था सहित बच्चों की सुविधा एवं स्वच्छता से जुड़े आवश्यक विषयों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सुपोषित बचपन ही स्वस्थ समाज की नींव है। बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की देखभाल तथा परिवारों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और संबंधित विभागीय अमले को समन्वित प्रयास करने चाहिए।

हितग्राहियों को दिलाये लाभ

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने सुपोषण संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्रामीण महिलाएं तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्राम पंचायत पिलौंजी में विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिलौंजी स्थित शांती धाम, सीसी रोड तथा जाली फिनिशिंग कार्यों का अवलोकन कर कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत के मैदानी अमले से निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा तकनीकी मापदंडों के पालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित तकनीकी मानकों,गुणवत्ता एवं स्वीकृत प्राक्कलन का पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने और आवश्यकतानुसार स्थल पर पहुंचकर प्रगति का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपयोगिता और टिकाऊपन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

बरही पहुंची यात्रा का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर बरही पहुंची सेवा संकल्प भावना यात्रियों का बरही में उत्साह पूर्ण स्वागत कर सिविल अस्पताल में रोगियों को फल वितरण एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रायसिकल वितरण किया गया। बड़नगर से बनारस जल जन सेवा संकल्प बाइक यात्रा का बरही मे स्वागत किया गया। इस दौरान निःशुल्क ट्रायसिकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा और संकल्प यात्रा के दौरान बरही नगर मे बड़ नगर से चलकर बनारस जाने वाली जल जन सेवा संकल्प यात्रा बाइक रैली के रूप मे काफ़िला बनकर बरही पहुंची जहां भाजपा मंडल बरही के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया गया।

यात्रा को मंडल सीमा मे रिसीव किया गया और कार्यकर्ताओ ने काफ़िले के साथ मंडल सीमा मे प्रवेश कर गांव गांव मे स्वागत वंदन अभिन्दन पुष्पवर्षा के साथ किया। इसके बाद प्रधानमंत्री की जन्म भूमि से कर्म भूमि की ओर जाने वाली बाइक रैली को बरही पाठक जी बारात घर भाजपा कार्यालय में भोजन प्रसाद ग्रहण कर सिविल अस्पताल बरही मे आयोजित कार्यक्रम के रूप मे परिवर्तित कर दिव्यांग जनो को निःशुल्क कानूनी ट्राइसइकिल प्रदान किया गया एवं मरीजो को टीवी किट, फल वितरण कर स्वागत किया। कार्यक्रम मे जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा , दादा उदयराज सिंह ,सतीश तिवारी पूर्व जिला महामंत्री ,पियूष अग्रवाल अध्यक्ष नगर परिषद , डाक्टर जगदीश गुप्ता मंडल अध्यक्ष , श्रीराम सोनी ,प्रमोद सोनी पी डी ताम्रकार महामंत्री, रामकृष्ण पटेल ,कैलाश कचेर दीपक मिश्रा ,दीपक प्रजापति, नंदू गुप्ता, ज्योति उपाध्याय ,सरला पांडे आभा तिवारी ,मिनाक्षी तिवारी मनोज रावत ,रजनीश नामदेव , रघुनाथ गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

10 अक्टूबर तक चलेगी प्रक्रिया, समय से पंजीयन कराने की गई अपील

धान उपार्जन के लिये अब तक जिले के 17 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले में किसान पंजीयन का कार्य जारी है। जिले की विभिन्न तहसीलों में अब तक कुल 17,391 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026 निर्धारित है।

तहसीलवार पंजीयन के अनुसार ढीमरखेड़ा में 4,561, बहोरीबंद में 2,659, विजयराघवगढ़ में 2,005, बरही में 1,883, बड़वारा में 1,510, कटनी नगर में 1,439, रीठी में 1,285, स्लीमनाबाद में 1,223 तथा कटनी तहसील में 826 किसानों ने पंजीयन कराया है।

पंजीयन के लिए आधार, समग्र एवं एग्रीस्टेक किसान आईडी जरूरी

पंजीयन के लिए किसान के पास आधार नंबर, समग्र परिवार आईडी, मोबाइल नंबर एवं एग्रीस्टेक किसान आईडी उपलब्ध होना आवश्यक है। किसान की भूमि संबंधी खसरा, रकबा और बोई गई फसल की जानकारी एग्रीस्टेक डेटाबेस से प्राप्त की जाएगी। एग्रीस्टेक में खसरा उपलब्ध नहीं होने पर संबंधित पटवारी, सीएससी, ग्राम सहायक अथवा फार्मर रजिस्ट्री एमपी मोबाइल ऐप के माध्यम से खसरा अपडेट कराया जा सकता है। पंजीयन के दौरान बोई गई फसल का सही विवरण दर्ज कराना आवश्यक होगा।

किसानों को अपना आधार बैंक खाते और मोबाइल नंबर से लिंक रखने तथा बैंक खाते की जानकारी एवं आईएफएससी कोड उपलब्ध रखने की सलाह दी गई है। जनधन, निष्क्रिय, संयुक्त अथवा किसान के नाम से दर्ज नहीं होने वाले बैंक खातों में पंजीयन नहीं किया जाएगा। आधार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आधार केंद्र पर आवेदन करना होगा। समग्र आईडी अथवा आधार आवेदन की पावती के आधार पर भी नियमानुसार पंजीयन किया जा सकेगा। पंजीयन के दौरान दर्ज मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के सत्यापन के बाद ही पंजीयन सुरक्षित होगा।

सिकमी, बटाईदार किसानों का भी होगा पंजीयन

सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। सिकमी/बटाईदार किसान को मूल किसान की आधार संख्या, एग्रीस्टेक किसान आईडी तथा आधार नंबर के साथ सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। अनुबंध की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर अपलोड की जाएगी। अनुबंध में उल्लेखित मूल भू-स्वामी के खसरा एवं रकबा सहित आवश्यक विवरण का पोर्टल पर सत्यापन किया जाएगा। अनुबंध की अधिकतम अवधि 5 वर्ष निर्धारित है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के किसानों से अपील की है कि जिन किसानों का पंजीयन अभी शेष है, वे 10 अक्टूबर 2026 की अंतिम तिथि से पहले अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर उपार्जन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित

परेड, शारीरिक दक्षता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग की अध्यक्षता एवं निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों से चयनित युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

चयन प्रक्रिया को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया था। परेड ड्रिल के लिए 50 अंक, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 30 अंक, शारीरिक दक्षता के लिए 10 अंक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सामान्य ज्ञान के लिए 10 अंक निर्धारित किए गए थे। दो चरणों में आयोजित चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में शारीरिक दक्षता एवं परेड ड्रिल का परीक्षण किया गया, द्वितीय चरण में सांस्कृतिक गतिविधियों, साक्षात्कार तथा रासेयो एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से स्वयं सेवकों का मूल्यांकन किया गया।

विभिन्न महाविद्यालयों से पहुंचे स्वयंसेवकों ने परेड, दौड़, साक्षात्कार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान स्वयंसेवकों ने कर्तव्य पथ तक पहुंचने के अपने लक्ष्य के लिए उत्साह और समर्पण के साथ पसीना बहाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। गणतंत्र दिवस परेड जैसे अवसर स्वयंसेवकों को अपने व्यक्तित्व, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए चयन के निर्धारित मापदंडों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान किया।

चयन प्रक्रिया के निर्णायक मंडल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग, एनसीसी अधिकारी डॉ. सरदार दिवाकर, जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजकुमार, डॉ. प्रतिमा सिंह एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी सहित विभिन्न महाविद्यालयों की कार्यक्रम अधिकारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

शिविर के सफल आयोजन एवं संचालन में वरिष्ठ स्वयंसेवक कनक सोनी, एनसीसी कैडेट दीपेश कुमार यादव एवं सुमित कुमार ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरपी सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. माधुरी गर्ग ने किया। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया केवल स्वयंसेवकों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनमें अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास, टीम भावना, सामाजिक संवेदनशीलता एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच भी है।

बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्वच्छता श्रमदान, जागरूकता रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा 2 से 10 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा मेरा योगदान' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता श्रमदान, स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी तथा लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प कराया जाएगा। वहीं स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से नागरिकों को 'स्वच्छता ही सेवा है', 'स्वच्छ समाज, स्वस्थ समाज' जैसे संदेशों के साथ जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी, सेक्टर प्रभारी गणपत कोल, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, आशा बर्मन, मनोज कुमार एवं संस्था के समस्त सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया

बारडोली वेलफेयर सोसायटी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें और अपने घर, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें।

लाखों के बजट में लीपा-पोती: पहली ही बारिश में उखड़ा प्लास्टर, मूरम भराई का काम भी अधूरा छोड़कर ठेकेदार चंपत

बंदरकोला तालाब जीर्णोद्धार में धांधली: नई सीढ़ी की जगह पुरानी पर ही कर दी सीमेंट की छपाई

बनवार।

जल संसाधन विभाग द्वारा बंदरकोला जलाशय के जीर्णोद्धार के नाम पर किस कदर औपचारिकता निभाई जा रही है, इसकी जमीनी हकीकत देखकर हर कोई हैरान है। विकास और कायाकल्प के बड़े-बड़े दावों के बीच निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की सांठगांठ से जीर्णोद्धार के काम में भारी लापरवाही बरती जा रही है। एस्टीमेट में नई सीढ़ियों के निर्माण का अलग बजट मंजूर होने के बावजूद पुरानी सीढ़ियों को ही नया रूप देने की औपचारिकता निभाते हुए सिर्फ सीमेंट का प्लास्टर कर दिया गया।



30 हजार का प्रावधान, पुरानी सीढ़ी पर ही फेरा सीमेंट

स्वीकृत एस्टीमेट के अनुसार, बांध के डाउनस्ट्रीम हिस्से में मिट्टी खुदाई, कंक्रीट कार्य और नई सीढ़ियों के निर्माण के लिए 29,273.84 की राशि स्वीकृत की गई थी। नियमतः इस बजट से पूरी तरह नए ढांचे का निर्माण होना था, लेकिन निर्माण एजेंसी ने नया ढांचा खड़ा करने के बजाय पुरानी सीढ़ियों पर ही सीमेंट का लेप चढ़ाकर कागजी औपचारिकता पूरी कर ली।

सूत्रों के मुताबिक, इस लापरवाही को छिपाने के लिए बारिश से ठीक पहले आनन-फानन में छपाई का काम निपटाया गया, ताकि बारिश और कीचड़ की आड़ में यह घटिया काम छिप जाए।

पहली ही बारिश में खुला फर्जीवाड़ा

मानसून की पहली ही बारिश ने विभाग और ठेकेदार की इस 'कारगुजारी' की पोल खोलकर रख दी। पुरानी सीढ़ियों पर जमाई गई सीमेंट की कमजोर परत गुणवत्ताविहीन होने के कारण जगह-जगह से चटक-चटककर उखड़ने लगी है।

बड़ा सवालः जब जलाशय में पहले से ही सीढ़ियां मौजूद थीं, तो नई सीढ़ी का तकनीकी एस्टीमेट क्यों बनाया गया? और यदि एस्टीमेट बना था, तो नया निर्माण कराने के बजाय पुरानी सीढ़ियों पर लीपा-पोती की अनुमति जिम्मेदार उपयंत्री (Sub-Engineer) और एसडीओ (SDO) ने कैसे दी?

सुरक्षा खतरे में: मूरम पुराई भी अधर में लटकी

लापरवाही का यह खेल सिर्फ सीढ़ियों तक ही सीमित नहीं है। बंदरकोला तालाब के ऊपरी हिस्से में मूरम भराई का काम भी अधूरा छोड़कर बंद कर दिया गया है। आधी-अधूरी मूरम पुराई के कारण तालाब के सुरक्षा तंत्र पर सीधा खतरा मंडरा रहा है, जिससे जीर्णोद्धार का मूल उद्देश्य ही विफल होता दिख रहा है।

अधिकारियों का पक्ष

"मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैं तत्काल तकनीकी टीम मौके पर भेजकर पूरे कार्य की जांच करवाता हूँ।"

रविदीप बेन
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग

मुहली एवं नोनपानी पंचायत में गांधी जी की जन्म जयंती सम्पन्न

ग्राम मित्र मण्डलों ने भूमि सड़क एवं स्कूल के मुद्दे उठाये



हिण्डोरिया। समीपस्थ ग्राम पंचायत मुहली एवं नोनपानी के पंचायत भवन मे 02 अक्टूबर 2026 को महात्मा गाँधी जी की 157 वी जयंती शासन-प्रशासन के पूर्व से जारी किये गये विशेष दिशा निर्देशानुसार मनाई गई। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर सरपंच, सचिव, पंचों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम मित्र मण्डल सदस्यों, सहायिका एवं ग्रामीणजनों व्दारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही गांधी जी के जीवन, संघर्ष, जंगे आजादी मे योगदान के अलावा उनके सन्देश पर विस्तार से चर्चा की गई। एवं ग्राम सभा का ऐजेण्डा का वाचन भी किया गया। इस मौके पर अतिथि एवं समाज शिल्पी सुजात खान ने कहा कि गांधी जी ने आफ्रिका से भारत लौटने के बाद जब देखा की देश की जनता का आत्म विश्वास एवं आत्म सम्मान लगभग खत्म हो चुका है। लोगों ने गुलामी को अपनी किस्मत समझ लिया है। मनोवल टूट चुका है। तब ऐसे मे गाधीं जी ने सबसे पहले लोगों का आत्म विश्वास एवं आत्म सम्मान जागृत किया। अग्रेज हुकुमत के विरुद्ध कई सफल आन्दोलन करके जनता के सामने रखे। इससे लोगों का आत्म विश्वास एवं सम्मान जागृत हुआ। इसी व्यापक जन जागृति के उपरांत ही देश मे आजादी हासिल करने लायक जन आन्दोलन तैयार किया गया। और अन्ततः अग्रेंजों को देश छोड़ कर जाना पड़ा। इस अभियान में अनेक क्रान्ति कारियों ने योगदान दिया। इस मौके पर आजादी के सभी परवानों को याद कर उन्हें श्रृध्दांजलि अर्पित भी गई। इस मौके पर पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान के प्रति सामुहिक शपथ भी ग्रामीणों को दिलाई गई। ग्राम मित्र मण्डल पण्डा व्दारा सड़क निर्माण, जर्जर शाला भवन के शीघ्र धवस्तिकरण एवं मुहली ग्राम मित्र मण्डल सदस्यों व्दारा वनाधिकार कानून के लम्बित दावों के निराकरण करने, सड़क निर्माण सम्बन्धी आवेदन पत्र विशेष ग्राम सभा मे दिये गये। एवं प्रस्ताव पारित कराये गये। इस मौके पर सरपंच सीमा यादव, सरपंच सरोज चौबे, सचिव नेपाल सिंह, सचिव भागवत पटेल, राजेश यादव, राजेश चौबे, कार्यकर्ता बैजन्ति यादव, रानू यादव,पोथी बाई आदिवासी, मनीषा रानी हिम्मत आदिवासी, मानसिंह, नरेन्द्र यादव, हल्ली बाई, खिलान आदिवासी, दशरथ आदिवासी, कमोद गौड़ सहित अनेक ग्रामीण एवं मण्डल सदस्यों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया।

बिना कारण हटा दिए गये विद्यालय से 7 अतिथि शिक्षक

अतिथि शिक्षकों की छीनी रोजी रोटी, शिक्षकों ने लगाई न्याय की गुहार

हटा।

नगर में संचालित सांदीपनि विद्यालय का मामला सामने आया है जहां पूर्व से सेवाएं दे रहे विषय वार अतिथि शिक्षको को प्रभारी प्राचार्य द्वारा बगैर कारण के ही उनको सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई जिससे परेशान अतिथि शिक्षको द्वारा गुरूवार के दिन एसडीएम कार्यालय पहुंचकर रोजी-रोटी छीन लिए जाने से न्याय की गुहार लगाई गई। दी गई शिकायत में उल्लेख किया गया कि सेवा से पृथक किए गये 7 अतिथि शिक्षक वर्तमान में शासकीय सांदीपनि विद्यालय हटा, में जीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्यरत थे जिन्हें प्रभारी प्राचार्य द्वारा दिनांक 01/10/26 को बिना किसी पूर्व नोटिस बिना कारण बताओ सूचना और बिना किसी लिखित शिकायत के एक साथ सेवा से पृथक कर दिया गया है। जबकि देखा जाए तो सभी अतिथि शिक्षको की जीएफएमएस पोर्टल पर उपस्थिति 100 प्रतिशत दर्ज है और उनके कार्यकाल के अतिथियों की नियुक्ति समय उपरांत उनके विरुद्ध में कोई शिकायत भी नहीं है और सभी 7 अतिथि शिक्षको का चयन मेरिट एवं आरक्षण के नियम से हुआ था। वहीं देखा जाए तो इस प्रकार अचानक 7 अतिथि शिक्षकों को हटाने से विद्यालय के विषय वार करीब 1147 छात्रों का अध्ययन कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया है। वही विद्यालय में पदस्थ नियमित शिक्षको द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाना भगवान भरोसे चल रहा है जिससे यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि बगैर कारण के इन अतिथि शिक्षको को किस नियम निर्देश के तहत हटाया गया है या फिर विद्यालय के जिम्मेदारों की मनमानी का शिकार यह अतिथि शिक्षक हुए है जिसकी जांच होना जरूरी है वहीं हटाए गये अतिथि शिक्षक प्रेमशंकर पटेल वर्ग 1 कृषि मुरारी लाल व्यास, वर्ग 1 राजनीति शास्त्र अनीता ठाकुर, वर्ग 1 हिंदी महेश पटेल, वर्ग 2 गणित सरस्वती पटैल, वर्ग 2 सामाजिक विज्ञान निकिता ठाकुर, वर्ग 3 आईटी सुजीत सेन, वर्ग 3 संगीत विषय के सामने परिवार के भरण-पोषण को लेकर परेशानी में डाल दिया है जिसके चलते समस्त 7 अतिथि शिक्षको द्वारा प्रकरण की जांच कर पुनः बहाल करने की गुहार लगाई गई।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

विधायक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

हटा।



संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर महोदय दमोह एवम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जिला दमोह के दिए गए निर्देशानुसार शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 136 संजय वार्ड में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक की विशेष उपस्थिति रही जहां कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाडी. कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया एवं लाडली बहना योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा उन्हें प्रदान लाभ हेतु सरकार का आभार व्यक्त किया गया एवं लाडली लक्ष्मी योजना की पंजीकृत बालिकाओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित बच्चो द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित बच्चों को फल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में नगर मण्डल अध्यक्ष श्री सौरभ नेमा, नगर मंत्री श्रीमती रीना कोरी उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता सेन भाजपा कार्यकर्ता श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव मालती सेन मनीषा सेन महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती रूबी खान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर रेखा पटेल साधना गर्ग सपना खरे सहायिका रानी नामदेव एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

टाईम्स पब्लिक स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती का गरिमामय आयोजन



दमोह। टाईम्स पब्लिक स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के सह-संचालक श्री प्रियांश गुप्ता, ओम गुप्ता, प्राचार्य श्री अजय मिश्रा एवं शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सादगी के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। शिक्षकों ने गांधीजी के आदर्शों पर चलने तथा उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में सत्य, अहिंसा, अनुशासन और स्वच्छता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इसी अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रभावी एवं आपसी संवाद पर आधारित विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें बेहतर संवाद, आपसी सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों के बीच टीम भावना को मजबूत करना और सकारात्मक कार्य वातावरण विकसित करना है।

विशाल वाहन रैली से गूंजा पटेरा, वैश्य समाज ने दिया एकता और संगठन का संदेश

पटेरा।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को वैश्य महासम्मेलन, मध्यप्रदेश की पटेरा इकाई द्वारा भव्य विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में वैश्य समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर समाज की एकता, संगठन और भाईचारे का संदेश दिया। प्रातः रत्नेश अग्रवाल के निवास, नया बाजार से वाहन रैली का शुभारंभ हुआ। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के साथ समाजबंधु उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान सामाजिक एकजुटता और संगठन की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के जिला उपाध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल, पटेरा मूल इकाई अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, युवा इकाई अध्यक्ष स्वप्निल सिंघई, पार्षद सौरभ ताम्रकार, गणेश अग्रवाल, प्रशांत जैन, निर्मल मासाब, पंकज जैन, मुदित बड़कुल, सौरभ बजाज, राहुल सेठ एवं आरुष सिंघई सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी एकता, सहयोग और संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। महात्मा गांधी जी की जयंती पर आयोजित यह रैली सामाजिक एकता का संदेश देने के साथ युवाओं की सक्रिय भागीदारी का भी प्रतीक बनी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए रत्नेश अग्रवाल द्वारा सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने रैली में उत्साहपूर्वक शामिल होने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

छोटे से गांव की प्रतिभा: बीजाडोंगरी के प्रकाश नायक बने पुलिस में सहायक उप निरीक्षक

बनवार /जबेरा



जनपद के बीजाडोंगरी जैसे छोटे से गांव के होनहार युवक प्रकाश नायक ने पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक (अ) के पद पर चयनित होकर यह साबित कर दिखाया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। उनके चयन की खबर आते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया है। प्रकाश नायक का चयन 'निरीक्षक (अ) एवं सहायक उप निरीक्षक (अ) सीधी भर्ती परीक्षा वर्ष-2025' के तहत हुआ है। चयन के बाद उन्हें जबलपुर एसपी कार्यालय में पहली तैनाती मिली है। प्रकाश नायक, सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक पं. चन्द्रभान नायक के भतीजे और पं. मोहन नायक के बेटे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर रिश्तेदारों, दोस्तों और ग्रामीणों ने प्रकाश नायक को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की उम्मीद जताई है। बधाई देने वालों में भगवत सिंह, देवी सिंह, राम नायक, मिथलेश नायक, कमलेश नायक और श्याम नायक सहित कई लोग शामिल हैं।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 टगरा में मनाया गया कार्यक्रम

सिंग्रामपुर।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सिंग्रामपुर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 टगरा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं ग्रामीण परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक सुन्दर लाल अहिरवार द्वारा उपस्थित महिलाओं को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छता तथा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं योगिता दुबे ने सभी महिलाओं से बच्चों के खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अपनी बात रखी तथा गांव में महिलाओं और बच्चों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम को आपसी सहयोग एवं सहभागिता के साथ संपन्न कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम से ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी महिलाओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया।

गांधी जयंती पर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी व शास्त्री को किया याद



हटा। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती श्रृद्वा व सम्मान के साथ नगरपालिका कार्यालय में मनाई गई जहां गांधीजी और शास्त्री जी के रास्ते में जो योगदान रहे उनको याद कर सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक द्वारा गांधी जी के राष्ट्रीय हित में जो विचार रहे उनको याद किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ब्रजेश गुप्ता सुनील राय राजू सोनी अंजार खान कैलाश ताम्रकार राजेश यादव महेन्द्र राय सहित नगरपालिका के कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण, हॉकी मध्यप्रदेश ने दी बधाई

दमोह। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में चीन को 1-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में भारत के लिए निर्णायक गोल किया, जबकि गोलकीपर सविता पूनिया के महत्वपूर्ण बचाव ने टीम की बढ़त को कायम रखा। भारतीय महिला हॉकी टीम की इस उपलब्धि पर हॉकी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष नितिन डिमोले, उपाध्यक्ष विजय वर्मा 'गोर मास्साब', महासचिव लोकबहादुर ललित नायक, कोषाध्यक्ष जगेंद्र तोमर, हरिशंकर, राजेश, राकेश गढ़वाल, मकसूद खान, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, कफील, अल्ताफ शेख, असार, विकास जैन, तरुण नामदेव सहित अन्य पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने टीम को बधाई दी।



संविदा शिक्षकों के सामूहिक उपवास कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक

दमोह। जिला कलेक्ट्रेट के सामने एक दिवसीय सामूहिक उपहास पर बैठे संविदा शिक्षको के बीच पूर्व विधायक अजय टंडन ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि भाजपा सरकार शिक्षको के साथ न्याय न ही करते जो शिक्षक दस-बीस वर्षो से शासन को अपनी सेवायें देते आये है उनको टीईटी की परीक्षा करवा रही है कुछ शिक्षक तो रिटायरमेंट की कगार पर बैठे है वह पूछना चाहते है जब आपने शिक्षको की भर्ती की थी तो उस समय उनकी योग्यताओ पर उनकी भर्ती की थी फिर ऐसा क्या जरूरत पढ़ गयी कि उन्हें टीईटी परीक्षा अनिवार्य हो गई वह आज शिक्षको की प्रत्येक जायज मांग पर उनका समर्थन करने आये है।

खबर संक्षेप

तेजगढ़ में युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

तेंदूखेड़ा। तेजगढ़ के रूजिया ईदगाह मस्जिद के पीछे भिरा के पेड़ से एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान तेजगढ़ निवासी भगवान दास पिता कूरा उर्फ हल्ले प्रजापति (बर्दिया)के रूप में हुई है।पुलिस की कार्रवाई घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ थाना से प्रधान आरक्षक मनोज ठाकुर एवं आरक्षक राजाबाबू तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।तेजगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है।

औषधि दुकानों का सघन निरीक्षण, दवाओं के रिकॉर्ड की जांच

दमोह । कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा दमोह शहर में संचालित दवा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से NRx श्रेणी की दवाइयों, गर्भपात में उपयोग होने वाली MTP किट तथा कोडीन फॉस्फेट घटक युक्त दवाइयों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान टंडन बगीचा स्थित दवा बाजार में संचालित मेसर्स रामाकेम एवं मेसर्स रामगोपाल अग्रवाल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान ड्रग लाइसेंस की वैधता, उपलब्ध NRx दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, MTP किट तथा कोडीन फॉस्फेट युक्त सिरप के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों की सघनता से जांच की गई। शेष आवश्यक दस्तावेज तीन दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान तीन दवाइयों के नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें शासकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। थोक दवा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि दवाओं का विक्रय केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं को ही किया जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली, 1945 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान सभी केमिस्टों को HFR एवं HPR ID बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

गिरदावरी में बड़ा फर्जीवाड़ा? खेत में मक्का रिकॉर्ड में धान; खाली जमीन भी नहीं बची

सर्वेयर की आईडी से हुई गिरदावरी को पटवारी ने बनाया आधार, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

सिंग्रामपुर।

जबेरा तहसील क्षेत्र के ग्राम चौरई, अलोनी, सांवरा, तांवरा, जमुनिया, कल्लूमर सहित आसपास के गांवों में फसल गिरदावरी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई खेतों में मौके पर मक्का की फसल लगी होने के बावजूद ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में धान दर्ज है। इतना ही नहीं, कुछ ऐसी जमीनों पर भी धान की फसल दर्ज दिखाई दे रही है, जहां मौके पर कोई फसल नहीं है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच के साथ खेतों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है।

खेत में मक्का, रिकॉर्ड में धान

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत चौरई में धीरज जॉनसन के खसरा क्रमांक 36, रकबा करीब 4.420 हेक्टेयर में मौके पर मक्का की फसल है, जबकि ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में धान दर्ज दिखाई दे रहा है। इसी तरह अर्जुन सिंह पिता झुन्नीलाल सहित अन्य किसानों की जमीनों में भी मौके की फसल और ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज फसल के बीच अंतर होने का दावा किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में मक्का का रकबा काफी अधिक है, जबकि ऑनलाइन गिरदावरी में बड़ी मात्रा में धान दर्ज दिखाई दे रहा है। ऐसे में वास्तविक फसल और सरकारी रिकॉर्ड का मिलान कराया जाना जरूरी है।

खाली जमीन पर भी धान दर्ज होने का दावा

ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों में एक और गंभीर मामला चौरई ग्राम पंचायत के समीप खसरा क्रमांक 96, रकबा 1.40 हेक्टेयर का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मौके पर उक्त भूमि खाली पड़ी है, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में धान की फसल दर्ज है।



इसी तरह दुर्गा प्रसाद पिता मंगल विश्वकर्मा के खसरा क्रमांक 92, रकबा 1.40 हेक्टेयर में मौके पर करीब आधे हिस्से में धान और आधा हिस्सा रिक्त होने का दावा किया गया है, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में पूरे खसरे में धान दर्ज दिखाई दे रहा है। यदि ये दावे जांच में सही पाए जाते हैं तो इससे गिरदावरी प्रक्रिया और राजस्व रिकॉर्ड की शुद्धता पर सवाल उठ सकते हैं। हालांकि इन आरोपों की प्रशासनिक स्तर पर स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

सर्वेयर की गिरदावरी के आधार पर रिकॉर्ड आगे बढ़ाने की बात

मामले में गुबरा पटवारी देवेंद्र सिंह मरकाम से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि चौरई, अलोनी, कल्लूमर, भैंसा, तांवरा, सांवरा और जमुनिया क्षेत्र में करीब साढ़े तीन हजार हेक्टेयर भूमि है। उनके अनुसार इतनी बड़ी भूमि पर प्रत्येक खेत तक पहुंचकर सत्यापन करना संभव नहीं है। सर्वेयर द्वारा गिरदावरी की जाती है और उसी के आधार पर रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया जाता है। पटवारी के इस कथन के बाद सवाल उठ रहा है कि यदि सर्वेयर द्वारा दर्ज जानकारी के आधार पर रिकॉर्ड तैयार किया जाता है और मौके की फसल में अंतर रह जाता है, तो ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी किस स्तर पर तय होगी।

ग्रामीणों ने बिचौलियों को लाभ की आशंका जताई

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि मक्का की फसल वाले खेतों में रिकॉर्ड में धान दर्ज होने से सरकारी आंकड़ों और फसल संबंधी रिकॉर्ड पर असर पड़ सकता है। उन्होंने ऐसी स्थिति का लाभ बिचौलियों अथवा अन्य संबंधित लोगों को मिलने की आशंका भी जताई है। हालांकि इस आशंका की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

हजारों हेक्टेयर की गिरदावरी जांच के घेरे में

ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के कई गांवों में मौके पर मक्का का रकबा अधिक होने के बावजूद ऑनलाइन रिकॉर्ड में धान दर्ज है, तो मामला केवल कुछ खेतों तक सीमित नहीं माना जा सकता। उन्होंने चयनित गांवों में ऑनलाइन गिरदावरी और खेतों में मौजूद वास्तविक फसल का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने सर्वेयर की आईडी से की गई गिरदावरी, उसके आधार पर पटवारी स्तर पर दर्ज जानकारी और ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज फसल की जांच कराने की मांग की है। साथ ही अंतर पाए जाने पर नियमानुसार रिकॉर्ड दुरुस्त करने और जिम्मेदारी निर्धारित करने की मांग की गई है। अब प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि रिकॉर्ड और मौके की वास्तविक फसल में अंतर किन कारणों से हुआ और इसमें किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता हुई है या नहीं।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस इलेवन और आयोजन समिति के बीच मैत्री मैच



खेल के माध्यम से दिया हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग का संदेश

दमोह। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में 10 दिवसीय विशेष प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील ग्राउंड दमोह में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान दमोह पुलिस इलेवन एवं आयोजन समिति के सदस्यों के बीच सद्भावना मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

मैच का उद्देश्य युवाओं और खेलप्रेमियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा छोटी हो या लंबी, दोपहिया वाहन चलाते समय मानक हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाना चाहिए।

खेल के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश

मैच के दौरान उपस्थित जनसमूह को यातायात नियमों, निर्धारित गति सीमा और सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवन रक्षा और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। मैच के समापन के बाद खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने यातायात नियमों का स्वयं पालन करने तथा अपने परिजनों एवं मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि "यातायात नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हैं। दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षक कवच का कार्य करते हैं।"

दमोह पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए यातायात नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करें और 10 दिवसीय विशेष अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परौहा हुए सेवानिवृत्त



दमोह।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा कार्यालय कटनी में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परौहा 31 वर्षों की सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर शाखा कार्यालय में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में शाखा प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, प्रशासनिक अधिकारी यशवंत सिंह ठाकुर, सुरेंद्र कुमार वैश्य, विकास अधिकारी शैलेंद्र गौतम, संजय कुमार गुप्ता, स्वराज पारे, विनय कुमार गुप्ता, अशोक कुमार जैन, विपिन कुमार गुप्ता एवं राजकुमार अग्रवाल ने पंडित कृष्ण कुमार परौहा को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा का समस्त स्टाफ, अभिकर्ता साथी रानू सिंह राजपूत, रजनीश शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, संजय यादव, बीमा सखी अभिकर्ता मंजूलता चतुर्वेदी, आरती रजक एवं कविता सिंह रघुवंशी सहित परिवार के सदस्य रामकृष्ण परोहा, रामनारायण परोहा (जेडीएम क्लब सदस्य) एवं कृष्ण दत्त परोहा (डीएम क्लब सदस्य) उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में शाखा प्रबंधक कृष्णकांत दुबे ने पंडित परौहा के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके कार्य एवं योगदान को याद किया। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन एवं दीर्घायु की कामना की। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

स्वच्छता के संकल्प से साकार होगा स्वच्छ भारत का सपना : सांसद राहुल सिंह लोधी

दमोह। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को त्रिमूर्ति पार्क में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।



इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत हितग्राहीमूलक शिविर, स्वच्छता अभियान, यात्राओं सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा था। उनके विचारों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज त्रिमूर्ति पार्क में सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दमोह जिले के सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, स्वच्छता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

सफाई कर्मियों का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सामूहिक स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

विशाल वैश्य जागरण वाहन रैली से दिया संदेश



दमोह। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की युवा इकाई द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर युवाओं में जागरूकता और संगठनात्मक चेतना बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में वैश्य जागरण वाहन रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दमोह जिले में जिला युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल के नेतृत्व में दमोह नगर सहित बटियागढ़, पटेरा, हटा एवं तेंदूखेड़ा में भी विशाल वाहन रैलियां निकाली गईं। दमोह नगर में युवा अध्यक्ष रूपेंद्र असाटी के नेतृत्व में आयोजित वाहन रैली को दमोह विधायक एवं वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक जयंत कुमार मलैया ने वैश्य ध्वज दिखाकर मोरगंज गल्ला मंडी से रवाना किया। रैली स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड चौक, एवरेस्ट लॉज, घंटाघर, पुराना थाना, महाकाली चौराहा, अग्रवाल धर्मशाला, घंटाघर एवं कीर्ति स्तंभ होते हुए जटाशंकर धाम स्थित वैश्य भवन पहुंची। यहां स्नेह भोज का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गुप्ता समाज, केशरवानी समाज, सुरेखा ऑटोमोबाइल्स परिवार, हनुमान गढ़ी स्वीट्स परिवार, राजू असाटी परिवार, असाटी समाज धरमपुरा परिवार एवं अग्रवाल समाज सहित अन्य संगठनों एवं परिवारों द्वारा रैली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला प्रभारी पदम इटोरिया, जिला अध्यक्ष केसी अग्रवाल, महिला संभाग अध्यक्ष श्रीमती रितु अग्रवाल, युवा संभाग प्रभारी जुगल अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी, युवा संरक्षक गणेश अग्रवाल, युवा प्रभारी राहुल जैन लकी, महिला प्रभारी श्रीमती विद्या असाटी, महिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा नेमा समाज अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नेमा, असाटी समाज महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश असाटी, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष रवि अग्रवाल, वरिष्ठ पदाधिकारी रघुवीर गुप्ता एवं रोहित गुप्ता, व्यापारी संघ अध्यक्ष लखन केशरवानी, जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य अखिलेश जैन, गिरीश इटोरिया, विनोद अग्रवाल, प्रिंस असाटी, रोहित असाटी, मीनू सुरेखा, अनिल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, युवा उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, विनय असाटी, सुनील अग्रवाल, अंकित जैन, लोकेश असाटी, नीरज असाटी, विशाल जैन, वीरेंद्र असाटी, राजकुमार नामदेव, अनुराग बजाज, महेंद्र नेमा, संकेत अग्रवाल, चंद्रभूषण नेमा, अनमोल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राहुल गुप्ता, बबलू जैन, सचिन गुप्ता, राहुल असाटी, सचिन नेमा, कंचन असाटी, नीलम असाटी, महेश असाटी सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल हुए। वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में आयोजित इस जागरण रैली का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना तथा समाज में एकजुटता और जागरूकता का संदेश देना रहा। दमोह के साथ जिले के तहसील मुख्यालयों पर भी युवाओं की भागीदारी से वाहन रैली आयोजित की गई।

ज्ञान स्मृति अलंकरण 2026 सम्पन्न

युवा वर्ग को अपनी भारत की गुरू परंपरा और संस्कारो पर गौरव होना चाहिए - डॉ मोनिका



दमोह। 37वा ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति कार्यक्रम समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। भव्य एवं गरिमामय गतिशील परंपरा में समारोह की मुख्य अतिथि हिंदी सेविका एवं निदेशक स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केन्द्र हनोई (वियतनाम) डॉ. श्रीमती मोनिका शर्मा थी। अध्यक्षता डॉ.केदार शिवहरे ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ गांधी जी,शास्त्री जी एवं ज्ञान साहब के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के द्वारा किये गया। गीत प्राची वर्मा व नरेन्द्र अरजरिया ने प्रस्तुत किया। स्व. ज्ञान साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए समाजसेवी विवेक शेंडये ने कहा कि वे बहुआयामी और प्रखर व्यक्तित्व थे उनका स्मरण श्रद्धा से भर देता है वे विलक्षण शख्स थे मुख्य अतिथि के सम्मान पत्र का वाचन अनुनय श्रीवास्तव ने किया। बाद में समिति की ओर से मुख्य अतिथि डॉ मोनिका का शाल श्रीफल व स्मृति चिंह से भावपूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.कमल चौरसिया, डॉ. एन.पी.नायक, डॉ. सविता जैन, डॉ पवन कुमार जैन,डॉ रेखा जैन एवं डॉ. अनिल जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदुषी डॉ मोनिका शर्मा ने कहा कि इतने पवित्र परम्परा वाले कार्यक्रम में आना मेरा सौभाग्य है मै वियतनाम मे भारत की बेटी के रूप में आपका प्रतिनिधित्व करती हूँ इसका मुझे गर्व है स्व. ज्ञानचंद जी, अग्रणी सेनानी, शिक्षाविद और सफल विधिवेत्ता रहे है हमारा व्यक्तित्व वैदिक संस्कृति से निखरता है आज की युवा पीढी को विदेशी संस्कृति का आकर्षण रहता है नई पीढी अपनी जडों को भूल गई है युवा वर्ग को अपनी भारत की गुरू परंपरा और संस्कारो पर गौरव होना चाहिए। विदेशो में अपनी कर्मठता व परिश्रम से भारतवंशी लोगो ने अपनी अलग पहचान बनाई है अप्रवासी भारतीय अपने विवेक व बुद्धिमता के कारण विशिष्ट सम्मान पाते है हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति का सूर्य चमक रहा है। संयम संतुलन और संतोष हमारा आधार है मुझे पारिवारिक रूप से अनुशासन के संस्कार मिले है आज दुनिया के 80 प्रतिशत कंपनी में भारतीय युवा सी.ई.ओ के रूप में विश्व का नेतृत्व कर रहे है हमारी अपनी भारतीय संस्कृति, प्रकृति, खनिज संपदा, ज्ञान, शिक्षा आदि के भंडार चारो ओर बिखरे हुए है अपने शानदार उद्बोधन से डॉ शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं का मनमोह लिया और कहा कि विविधता हमारी खूबी है नई पीढी को देश का मान बढाना है कार्यक्रम में मेधावी छात्र सम्मान के तहत प्रगति असाटी, सुहानी राठौर, अनि जैन, निदा फातिमा, डॉ.आर.पी. कुर्मी, डॉ रमेश व्यास और राहुल तिवारी को ज्ञान स्मृति पदक प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची ने किया एवं आभार प्रदर्शन पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में पबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

गांधी शास्त्री जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया श्रमदान



दमोह।

गांधी शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने राम धुन करते हुए घंटाघर तक श्रमदान किया सफाई करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि एक अकेली लाठी के दम पर अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने अग्रेंजों को खदेड़ दिया था चह स्थिति आज की भाजपा सरकरों ने भी बना दी है खरीद फरोख्त करो और सरकार बना लो पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन अत्यंत सादगी पूर्ण था उनकी ईमानदारी की आज भी मिसाल दी जाती है। संतोष भारती, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र दबे, वीरेन्द्र राजपूत, विजय बहादुर, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परम यादव, अमर सींग, कमला निषाद, अभिषेक यादव, अरूण दुबे, अजय जाटव, दिनेश रैकवार ने भी कहा कि उक्त दोनों महापुरूषों ने देशहित में जनहित में अनेको कार्य किये उनकी जयंती मनाकर हम गौरान्वित महसूस करते है। उक्त अवसर पर डीपी पटेल, शमीम कुरैशी, शाहिद नूर, बसंत कुशवाहा, उवेद गौरी, मुकेश रोहितास, अमित बुधौल्या, वकील कुरैशी, खिल्लू ठाकुर, इनायत अली सहित अनेको कांगेसजनों की उपस्थिति रहीं।